भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 855

उत्तर देने की तारीख 25 जुलाई, 2023
3 श्रावण, 1945 (शक)

खेल पुरस्कारों और संस्थानों के नाम बदलने संबंधी नीति

855. डॉ. थोल तिरुमावलवनः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार को बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार करने की तर्ज पर राजनेताओं के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कारों, खेल संस्थानों और खेल परिसरों का नाम प्रमुख खिलाड़ियों के नाम पर बदलने के लिए कोई नीति लागू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का सभी राजनेताओं के नाम रखे गए खेलों/खेल पुरस्कारों, स्टेडियम, खेल/खेल परिसरों, खेल/खेल संस्थानों आदि के नाम बदलने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****